हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

11 बुनकरों को मिलेगा सुरक्षित, सुव्यवस्थित..


12 अंचल में गोपाष्टमी एवं आंवला नवमी पर्व हर्षोल्लास..


## खबर संक्षेप

### रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज




**धमतरी।** पुलिस द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी-2025 का आयोजन किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर के उपलक्ष्य में जिले में रन फॉर यूनिटी आयोजित है। इस आयोजन में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं आंतरिक सुरक्षा के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। शुक्रवार की सुबह 7 बजे जनपद तिराहा धमतरी से एकता दौड़ प्रारंभ होगी। इसमें पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, स्वयंसेवी संस्थाएं, सामाजिक संगठन एवं आम नागरिक भाग लेंगे। दौड़ प्रारंभ होने के पूर्व सभी प्रतिभागी राष्ट्रीय एकता दिवस की प्रतिज्ञा लेंगे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। पुलिस ने जिलेवासियों से रन फॉर यूनिटी-2025 में भाग लेकर देश की एकता, भाईचारे व सद्भावना के इस संदेश को सशक्त बनाने की अपील की है।

### आज शिक्षण उत्सव-7 का आयोजन

**धमतरी।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने और उन्हें एक साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षण उत्सव-7 का आयोजन 31 अक्टूबर को हरदिहा साहू समाज भवन धमतरी में किया जाएगा। यह आयोजन जिला शिक्षा विभाग, एचएसबीसी इंडिया एवं ओपन लिंक्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि एक दिवसीय कार्यक्रम में राज्यभर से प्रतिभागी शामिल होंगे। जिले के शिक्षकों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। शिक्षण उत्सव का उद्देश्य शिक्षकों के बीच संवाद, अनुभव साझा करने और नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन में शिक्षकों, केंद्र प्रमुखों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### विद्युत पेंशनर संघ का सम्मान समारोह 4 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी पेंशनर संघ धमतरी द्वारा विद्युत कंपनी की सेवा पूर्ण कर हर वर्ष सेवानिवृत होने वाले अधिकारी- कर्मचारी को सम्मान किये जाने की परंपरा है। वर्ष 2025 में अब तक सेवानिवृत हुए अधिकारी- कर्मचारियों का सम्मान करने के लिए छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी पेंशनर्स संघ द्वारा 4 नवंबर मंगलवार को प्रातः 11 बजे पावर हाउस प्रांगण धमतरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संबंध में पेंशनर संघ के अध्यक्ष आरबी साहू एवं सचिव ओमनलाल साहू ने बताया कि इस दौरान पेंशनर साथियों का जीवित प्रमाण-पत्र भरवाया जाएगा साथ ही पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन द्वारा विद्युत कंपनी प्रशासन से पत्राचार किया जायेगा।

अप्रैल तक पूरे जिले को बाल विवाह मुक्त घोषित करवाने का लक्ष्य

# अब तक जिले की 165 ग्राम पंचायतें हुईं बाल विवाह मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की 165 ग्राम पंचायतें बाल विवाह मुक्त हो चुकी हैं। ग्राम पंचायतों द्वारा आवेदन देकर उन्हें बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने की मांग की जा रही है। अप्रैल माह से पहले पूरे जिले को बाल विवाह मुक्त घोषित करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके चलते देवउठनी एकादशी पर तगड़ी व्यवस्था भी की गई है। बाल विवाह पर पैनी नजर रखी जाएगी। सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

लंबे समय से बाल विवाह को रोकने के लिए अधिकारी भरपूर प्रयास कर रहे हैं। इसका सार्थक परिणाम भी आया है। महिला बाल विकास विभाग, चाइल्ड लाइन, बाल संरक्षण इकाई ने पूरे जिले में सूचना तंत्र फैला रखा है। गांव-गांव में बाल संरक्षण इकाई की टीम गठित की जा चुकी है। सरपंच, सचिव, आंबा कार्यकर्ता, सहायिका, शिक्षक सहित गांव के लोगों को इस टीम में रखा गया है। यही कारण है कि बाल विवाह होने से पहले अधिकारियों तक सूचना पहुंच जाती है। सूचना पर तत्काल ही एक्शन होता है। अधिकारी विवाह से पहले ही पहुंचकर विवाह रुकवा देते हैं, जिसके चलते जिले में पिछले दो साल से बाल विवाह नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार इस साल भी 8 जगहों पर बाल विवाह से पूर्व अधिकारियों को सूचना मिल गई थी। अधिकारियों ने सभी जगहों पर पहुंचकर विवाह रूकवा दिया।



### बाल विवाह मुक्त कराने पूरा अमला जुटा

जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक ने बताया कि जिले में कुल 370 ग्राम पंचायतें हैं, जिसमें से 165 ग्राम पंचायत बाल विवाह मुक्त हो चुकी है। नवंबर तक 200 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त कर घोषित करवाने की तैयारी है। अप्रैल 2026 तक सभी ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरा अमला जी-जीन से जुटा हुआ है।

### देवउठनी पर रहेगी पैनी नजर

इस साल तिथि संशय के चलते देवउठनी का त्योहार 1 और 2 नवंबर को दोनों दिन मनाया जाएगा। देवउठनी से शादी-ब्याह सहित अन्य मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त शुरू हो जाता है। देवउठनी पर भी बड़ी संख्या में शादी ब्याह होते हैं। इस दौरान नाबालिगों की शादी का भी खतरा बना रहता है, जिसे देखते हुए बाल संरक्षण इकाई ने सूचना तंत्र को अलर्ट कर दिया है। जिला स्तर, ब्लाक स्तर और पंचायत स्तर पर टीम को ऐसे विवाह पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# जल्द ही मिलेगी गुणवत्तायुक्त बिजली

- अर्जुनी में पावर स्टेशन का स्थापना कार्य तेज, सीधे कोरबा से आएगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अर्जुनी में विद्युत विभाग के 132/33 केवी क्षमता वाले सब स्टेशन का काम 50 प्रतिशत से ज्यादा हो चुका है। दो तीन माह में काम कम्पलीट हो जाएगा। यहां पर 40-40 एमबीए के दो सब स्टेशन तैयार हो रहे हैं। इस सब स्टेशन के चालू होने के बाद लोगों को निर्बाध बिजली मिलेगी। लोड शेडिंग की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

पिछले 25 साल से धमतरी सहित आसपास के क्षेत्र में चिटौद सर्विस स्टेशन से बिजली सप्लाई की जा रही है। इस सब स्टेशन में 60-60 एमबीए के दो सिस्टम लगे हुए हैं। कुल 120 एमबीए क्षमता वाले चिटौद सर्विस स्टेशन पर धमतरी के साथ भखारा, कुकरेल, केरेगांव सहित कई अन्य क्षेत्र भी जुड़े हुए हैं, जिससे इस सर्विस स्टेशन पर काफी अधिक लोड पड़ रहा है। पिछले 25 साल में शहर की आबादी बढ़ी है। उद्योग बढ़े हैं। इसके साथ ही लोगों की बिजली पर निर्भरता कई गुना बढ़ गई है लेकिन सर्विस स्टेशन पर ज्यादा काम नहीं हुआ है। अब तक लोड शेडिंग सहित अन्य तरीकों से जरूरत के अनुसार लोगों को बिजली दी जा रही है। उधर लोड लगातार बढ़ रहा है। स्थिति को देखते हुए अर्जुनी में पावर हाउस के पास नया 132/33 केवी क्षमता वाले सब स्टेशन की स्थापना की जा रही है। इस सब स्टेशन की लागत 26.27 करोड़ रुपए है, जिसका काम पिछले साल दिसंबर माह में शुरू किया गया। काम काफी तेजी से चल रहा है। स्ट्रक्चर बनकर खड़ा हो चुका है। अब उपकरण लगाए जा रहे हैं। इसके बाद हाईटेंशन लाइन से जोड़ने का काम किया जाएगा। गर्मी में लोड बढ़ने से पहले इस सर्विस स्टेशन के चालू होने की उम्मीद की जा रही है।



### लोगों को मिलेगी राहत

अब तक धमतरी चिटौद पावर स्टेशन पर निर्भर है। अर्जुनी में 80 केवी का पावर स्टेशन के शुरू होने से जिले को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। गर्मी में लोड बढ़ने पर लोड शेडिंग की जाती है। इस पावर स्टेशन के चालू होने से लोड शेडिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी। लो वोल्टेज सहित कई प्रकार की समस्या दूर हो जाएगी। लोगों को गुणवत्ता युक्त बिजली मिलेगी।

### बिजली आपूर्ति की दिशा में बड़ा कदम

हर साल बिजली की खपत बढ़ती जा रही है। लोगों की जरूरत के अनुसार गुणवत्तापूर्ण बिजली देने के लिए इस सर्विस स्टेशन की स्थापना की जा रही है। जल्द से जल्द काम पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। बिजली आपूर्ति की दिशा में यह बड़ा कदम है।

\- अनिल सोनी,
*ईई विद्युत विभाग धमतरी डिवीजन*

# कनेरी में युवक ने किया अग्निस्नान, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

### 80 प्रतिशत झुलसा, रायपुर रिफर

अज्ञात कारणों से एक युवक ने घर में अपने उपर मिट्टीतेल डाल आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम कनेरी निवासी हेमचंद ध्रुव पिता नारदराम मजदूरी का काम करता है। दो वर्ष पहले उसकी शादी हुई है। गुरुवार की सुबह युवक कुरकुरे खरीदने बच्चे को लेकर दुकान गया था। वहां से घर वापस आने के बाद बड़बड़ा रहा था। इसी दौरान युवक ने घर में रखे मिट्टी तेल को अपने ऊपर डालकर आग लगा ली। परिजनों ने किसी तरह आग को बुझाया। घटना में युवक गंभीर रूप से झुलस गया। गंभीर हालत में उपचार के लिए गुरुर अस्पताल लाया गया। अग्निदग्धा युवक की नाजुक हालत को देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल धमतरी रिफर कर दिया। गुरुर लोकेशन की संजीवनी 108 एम्बुलेंस से युवक को जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बर्न वार्ड में भर्ती किया गया। गंभीर हालत को देखते हुए दोपहर बाद उसे रायपुर रिफर कर दिया। घटना में युवक 80 प्रतिशत झुलस गया है।



# कोर्ट मैनेजर पद के लिए ओबीसी से भेदभाव

- अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नहीं मिलने से ओबीसी महासभा में आक्रोश, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कोर्ट मैनेजर भर्ती परीक्षा 2025 में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नहीं देने के खिलाफ ओबीसी महासभा में आक्रोश है। ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश सहित 10 माननीयों के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष यशोदा सोनकर, कोषाध्यक्ष सरिता सोनकर, जिला उपाध्यक्ष रूक्मणि सोनकर ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर कहा है कि छग लोक सेवा आयोग ने 25 सितंबर 2025 को कोर्ट मैनेजर भर्ती परीक्षा 2025 के लिए विज्ञापन जारी किया है। जिसमें सामान्य वर्ग के साथ एसटी, एससी वर्ग के पदों की जानकारी दी है लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई आरक्षण नहीं दिया गया है। उच्च न्यायालय बिलासपुर अंतर्गत कोर्ट मैनेजर के लिए रिक्त पदों पर भर्ती के लिए छग लोक सेवा आयोग ने आनलाइन आवेदन 29 सितंबर 2025 के मध्यान्ह 12 बजे से लेकर 28 अक्टूबर 2025 रात्रि 11.59 बजे तक का समय निर्धारित की है जिसमें अनारक्षित पद 13, अनुसूचित जाति पद 3, अनुसूचित जनजाति पद के लिए 6 पद वर्गवार लिए जाने का लेख है। इन पदों में अन्य पिछड़ा वर्ग को छोड़ दिया गया है।



ओबीसी महासभा अध्यक्ष का कहना है कि कुल 22 पदों पर वर्गवार रिक्तियों की संख्या निर्धारित है। छत्तीसगढ़ में ओबीसी की संख्या आबादी की लगभग आधी है। कोर्ट मैनेजर के लिए जारी किए गए ज्ञापन में छग के ओबीसी वर्ग के प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को आरक्षण नहीं देना अन्य पिछड़ा वर्ग से भेदभाव है।

ओबीसी महासभा ने कोर्ट मैनेजर भर्ती के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण सुनिश्चित करने, जारी विज्ञापन में संशोधन कर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण पदों की संख्या को शामिल करते हुए पुनः विज्ञापन प्रकाशित करने की मांग की है।

# होटल में बैठे युवक पर चाकू से किया हमला

- कचना की घटना, नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार
- घटना में प्रयुक्त हथियार व मोटरसाइकिल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम कचना में अपने होटल में बैठे एक युवक पर गांव के तीन युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें एक नाबालिग भी शामिल हैं।

घटना 24 अक्टूबर को है। चौकी बिरेझर थाना कुरूद क्षेत्रांतर्गत ग्राम कचना निवासी गोविंद साहू पिता तोरण साहू उम्र 32 वर्ष अपने होटल में बैठा था। उसी समय गांव के ही टकेश्वर उर्फ टक्कू ध्रुव पिता गणेशु ध्रुव उम्र 20 वर्ष एवं राजाराम चतुर्वेदी उर्फ राजा पिता पुरानिकराम चतुर्वेदी उम्र 26 वर्ष व एक विधि से संघर्षरत बालक बिना नम्बर की हीरो स्प्लेंडर मोटर साइकिल (सोल्ड वाहन) से होटल पहुंचे और प्रार्थी गोविंद को अश्लील गालियां देते हुए हाथ-थप्पड़ से मारपीट करने लगे। जब प्रार्थी ने विरोध कर शोर मचाया तो राजाराम चतुर्वेदी एवं बालक मोटरसाइकिल से भाग गए। इसी दौरान टकेश्वर उर्फ टक्कू ने अपने पास रखे लोहे के धारदार चाकू से प्रार्थी के कूल्हों में वार कर घायल किया। शिकायत पर चौकी बिरेझर पुलिस ने धारा 296 (ख), 115(2), 351(2), 118(1), 3(5) बीएनएस एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर की सूचना तथा प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान के आधार पर टकेश्वर ध्रुव, राजाराम चतुर्वेदी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपना अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने इस घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू और बिना नम्बर की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को बरामद किया। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया, जबकि विधि से संघर्षरत बालक का सामाजिक पृष्ठभूमि प्रतिवेदन तैयार कर उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।




# मार्निंग वॉक करते सीएएफ का जवान गिरकर हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मार्निंग वॉक पर निकला जवान मिरगी का दौरा पड़ने के कारण अचानक जमीन पर गिर गया। घटना में जवान के सिर पर चोट आई है।

घायल जवान के साथी के अनुसार केश्वर कुजूर पिता सुखदेव उम्र 40 वर्ष सीएएफ का जवान खल्लारी थाना में पदस्थ हैं। गुरूवार की सुबह जवान पीटी से पहले मार्निंग वॉक पर गया था। टहलते समय उसे अचानक मिरगी का दौरा पड़ गया। इससे बेसुध होकर जमीन पर गिर गया। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी है। साथी जवानों ने घायल को अस्पताल ले जाने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। नगरी लोकेशन की संजीवनी 108 के ईएमटी तोमेन्द्र वर्मा व पायलट प्रवीण दास तत्काल कैम्प पहुंचे। वहां से घायल जवान को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायल जवान का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे वार्ड में भर्ती किया गया है। साथियों ने बताया कि जवान केश्वर मिरगी की बीमारी से पीड़ित है। इससे पहले भी उसे मिरगी का दौरा पड़ चुका है। गुरूवार की सुबह भी टहलते समय केश्वर मिरगी का दौरा पड़ने के कारण गिरकर घायल हो गया। उसके सिर पर चोट लगी है।


सिर पर आई चोट खल्लारी थाना में पदस्थ है जवान

तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा स्मरण पत्र

# मोदी की गारंटी के नाम पर की गई घोषणा को लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने ज्वलंत समस्याओं एवं मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, सचिव लोकेश साहू, कर्मचारी, अधिकारी पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय पदमवार ने ज्ञापन में कहा है कि मोदी की गारंटी के नाम पर कर्मचारियों के लिए की गई घोषणा को लागू करने के लिए ध्यानाकर्षण ज्ञापन सौंपा गया है लेकिन निराकरण नहीं होने से क्षुब्ध होकर प्रांतीय पदाधिकारियों से चर्चा उपरांत बुधवार को पुनः बिंदुओं पर स्मरण ज्ञापन दिया गया। राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता, पेंशनरों को महंगाई राहत, डीए एरियर्स की राशि, जीपीएफ खाते में समायोजित करने, सेवानिवृत्ति पर 240 दिन के स्थान पर 300 दिनों का अवकाश नगदीकरण आदेश, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित तथा सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने, सेवा काल में 4 स्तरीय वेतनमान, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति को दूर करने, शिक्षक लिपिक सहित विभिन्न संवर्गों के वेतन विसंगति को दूर करने गठित समिति का प्रतिवेदन प्रकाशित करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए शिक्षक एलबी संवर्ग को समस्त सेवा का लाभ देने, अधिकारी, कर्मचारी एवं पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा तथा बोनस देने, अनुकंपा नियुक्ति की 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सभी पदों पर अनुकंपा नियुक्ति करने की मांग की गई है।



### नए सीईओ ने सम्हाला जनपद पंचायत का कार्यभार

**धमतरी।** जनपद पंचायत में नए सीईओ के रूप में श्रीमती वर्षा रानी ने कार्यभार सम्हाला है। वे इससे पहले सक्ती जिला के जैजैपुर में पदस्थ थीं। धमतरी जनपद पंचायत के सीईओ दीपक ठाकुर का बालोद स्थानांतरण हो गया है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969




## स्कूल के 60 वर्ष की यात्रा को यादगार बनाने आयोजित महासम्मेलन रहा ऐतिहासिक पल

# मिलन महासम्मेलन में 5000 पूर्व विद्यार्थी हुए शामिल, पुरानी यादों को किया ताजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में 26 अक्टूबर को पूर्व विद्यार्थियों का मिलन महासम्मेलन ऐतिहासिक पल बन गया। सन 1965 से संचालित यह विद्यालय अंचल का प्रमुख शिक्षा केंद्र रहा है, जहां से लगभग 9 हजार छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर आज देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 60 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा को यादगार बनाने के लिए आयोजित इस महामिलन में लगभग 5000 पूर्व विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम में वृक्षारोपण, पौधा वितरण एवं ज्ञानवर्धक वर्णमाला का वितरण पूर्व विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार के प्राचार्य आत्माराम साहू के साथ विनोद अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, सुरेश साहू, वीरेंद्र साहू सरल, तुमनचंद साहू, भवानी यादव, धीरज देवांगन, गोविंद साहू, दुलार साहू, खिलावन साहू, पूर्व आर्मी सदस्य सहित समस्त शिक्षकगण, एनसीसी छात्र-छात्राएं तथा स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वागत गेट पर बहनों एवं भाइयों ने पीला चंदन तिलक, फूलमाला, मेडल, मोमेंटो और प्रतीक चिन्ह प्रदानकर सभी अतिथियों का स्वागत किया, जिससे वातावरण भावविभोर हो गया।

विद्यालय में पढ़ाने वाले स्वर्गीय शिक्षकों व विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि दी गई। सभी बैचों ने विद्यालय के विकास हेतु लाखों रुपए की आर्थिक सहायता, प्रोजेक्टर, पंखे, लाइट, साउंड सिस्टम, ज्ञानवर्धक सामग्री आदि भेंट की। विद्यालय के अनेक विद्यार्थी आज चार्टर्ड अकाउंटेंट, इनकम टैक्स ऑफिसर, वकील, इंजीनियर, चिकित्सक, पुलिस अधिकारी, राजस्व अधिकारी, व्याख्याता, प्राचार्य, खाद्य अधिकारी, साहित्यकार, पत्रकार, राजनेता एवं उन्नत कृषक बनकर समाज सेवा कर रहे हैं।

वरिष्ठ शिक्षक पीआर साहू ने कहा कि वे विद्यालय में 10 वर्ष तक सेवारत रहे और अपने विद्यार्थियों की प्रगति देखकर गौरवान्वित हैं। वहीं व्हीएल साहू ने कहा कि 60 वर्षों के विद्यार्थियों का यह महामिलन भाव विभोर कर देने वाला है। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य आत्माराम साहू ने किया। उन्होंने सभी आए हुए विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह दिन मगरलोड के लिए इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज हो गया।

## किसानों के पंजीयन, तौल और भंडारण प्रक्रिया में लापरवाही न बरतें : इंदिरा



■ धान उपार्जन व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जाएगा। धान उपार्जन कार्य को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर के समक्ष समिति प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी, सुपरवाइजर एवं शाखा प्रबंधकों की कार्यशाला आयोजित की गई। अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित कर ली जाएं। उपार्जन केन्द्रों में तौल कांटा, बारदाना, कंप्यूटर, बिजली एवं इंटरनेट सुविधा सहित समुचित व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने समय पर धान परिवहन, भुगतान एवं गुणवत्ता परीक्षण की पारदर्शिता पर विशेष बल दिया। जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम ने धान खरीदी प्रक्रिया से संबंधित तकनीकी बिंदुओं की जानकारी दी। कार्यशाला में सहकारी बैंक, समिति एवं विपणन संघ के अधिकारी उपस्थित थे। सभी प्रबंधकों से कहा गया कि वे किसानों के पंजीयन, तौल और भंडारण प्रक्रिया में लापरवाही न बरतें।

## मुरा में शेड निर्माण, सामुदायिक आदिवासी भवन का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

अजय चंद्राकर की अनुशंसा पर ग्राम पंचायत मुरा में शेड निर्माण, सामुदायिक आदिवासी भवन का भूमिपूजन किया गया। अतिथि जिला पंचायत धमतरी उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सचिव कुणाल देवागन, राकेश साहू सरपंच थे। विधायक अजय चंद्राकर द्वारा नाली निर्माण 15वें वित्त पंचायत, पौधरोपण कार्य 15 वें वित्त पंचायत, पेयजल और पौधरोपण कार्य स्थल में बोर फिटिंग 15 वें वित्त, रंगमंच निर्माण धरसापारा विधायक निधि, रंगमंच निर्माण बाजार चौक पिछड़ा वर्ग ग्रामीण विकास, शेड निर्माण मंडी बोर्ड, आदिवासी पारा सामुदायिक भवन मुख्य मंत्री मद का लोकार्पण किया जाएगा।

## एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की तिथि बढ़ाने की मांग

**अंवरी।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन को अनिवार्य किया गया है। इससे जिले के हजारों किसान अपने धान रकबे का पंजीयन कराने से वंचित हो रहे हैं और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। 31 अक्टूबर तक पोर्टल में पंजीयन कराना आवश्यक है। अब किसानो के पास अब मात्र 1 दिन का समय ही शेष रह गया है। ब्लॉक कांग्रेस भखारा के प्रभारी महामंत्री होमेंद्र साहू ने कहा कि दरसल प्रदेश की भाजपा सरकार किसानो से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करना ही नहीं चाहती। यही वजह है भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद से ही समर्थन मूल्य में धान खरीदी को लेकर गैर जिम्मेदार नजर आ रही है। बीते वर्ष बारदाने की किल्लत उत्पन्न कर तथा समितियों से धान का उठाव रोकर खरीदी को बाधित करने का प्रयास किया गया। इस वर्ष एग्रीस्टेक पोर्टल की अनिवार्यता लागू कर किसानों के रकबे को कम किया जा रहा है। श्री साहू ने शासन-प्रशासन से पंजीयन की व्यवस्था को शिथिल करने के साथ एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन की तिथि बढ़ाने की मांग की है।



## अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती स्पर्धा में हर्ष को मिला गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के बीपीएड तृतीय सेमेस्टर के छात्र हर्ष चन्द्रवंशी का चयन आल इण्डिया इन्टर यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगितता में हुआ है। विदित हो कि 28 अक्टूबर को महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय रायपुर छग में सेक्टर स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें रायपुर सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के पुरूष टीम के खिलाड़ी हर्ष चन्द्रवंशी ने 65 किग्रा वेट केटेगिरी में बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया एवं उनका चयन पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर की टीम के लिए हुआ है। हर्ष चन्द्रवंशी आगामी माह में आयोजित आल इण्डिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में पं. रविशंकरशुक्ल विवि रायपुर की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

खिलाड़ी के इस उपलब्धि पर प्र. प्राचार्य डॉ. आरके पाण्डेय, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, रेणु पाटले, लीना दिली, प्राध्यापक एमएस साहू, डॉ. सरस्वती घृतलहरे, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण पटेल, हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, कृपाराम साहू, पवन ताम्रकार, डॉ. विक्रम सिंह, विजय कुमार, कौस्तुभ तिवारी, नीलकंठ, एचआर उईके, वायआर उईके, ढालूराम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, बालमुकुंद साहू, सुधीर साहू, बीर सिंह, नीलम साहू, रविकुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस, प्रेमचंद कुर्रे ने हर्ष जताया है।

## यज्ञदत्त बने लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष

**पुरूर(धमतरी)।** बालोद नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता यज्ञदत्त शर्मा को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ का उपाध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा मंडल पुरूर के कार्यकर्ताओं में हर्ष है। राज्य सरकार ने निगम मंडलों की प्रतीक्षा सूची जारी की है जिसमें बालोद के यज्ञदत्त शर्मा को लघु वनोपज संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया है। ज्ञात हो कि श्री शर्मा वर्ष 1999 से 2004 तक बालोद नगर पालिका के अध्यक्ष रहे। वे राजनीति के साथ सामाजिक व अन्य क्षेत्र में भी अग्रसर है। भाजपा मंडल गुरूर के अध्यक्ष आनंद शर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशाप्रकाश साहू, यादराम साहू, कौशल साहू, त्रिलोकी साहू, लखनलाल गुरूपंच, दुर्गानंद साहू, राजेश दीवान, नपं गुरूर अध्यक्ष प्रदीप साहू, पुरूर मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, महामंत्री राकेश सिन्हा, जनार्दन सिन्हा, सत्येन्द्र साहू, मीना साहू, सुरेन्द्र तिवारी, राकेश दीवान ने हर्ष व्यक्त किया है। श्री शर्मा को वनोपज संघ की बड़ी जिम्मेदारी मिलने से जनजातीय समाज को भी लाभ मिलेगा।



## नारधा में गौरा-गौरी कार्यक्रम के दौरान मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

■ दोनों पक्षों ने की थाने में शिकायत



ग्राम नारधा में दीपावली त्योहार में आयोजित गौरा-गौरी कार्यक्रम में वाद विवाद व मारपीट की शिकायत मगरलोड थाना में दोनों पक्षों ने की है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए एक लड़के को गिरफ्तार कर दिया जो सरासर अन्याय है। कार्यक्रम दौरान गांव के ही कुछ लड़के गाली-गलौज, मारपीट पर उतारू हो गए। इनके खिलाफ मगरलोड पुलिस में शिकायत हुई एवं कुछ वीडियो फुटेज दिखाई गई। लेकिन उसके बाद भी पुलिस व्दारा उन उपद्रवियों पर कार्रवाई नहीं करते हुए उन्हें खुला छोड़ दिया है। इससे उनके हौसले और बढ़ गए व खुलेआम लोगों को उकसाकर घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने मगरलोड थाना प्रभारी से बिना भेदभाव के कड़ी कार्रवाई कर अपराधियों को जेल भेजने की मांग की है। अगर मगरलोड पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो थाने का घेराव किया जायेगा।

## खतरे में बच्चों की जिंदगी, डिस्मेंटल भवन में लग रही कक्षाएं



■ भालूचुआ, धनबुड़ा का आंगनबाड़ी केंद्र भवन भी जर्जर

**कुकरेल (धमतरी)।** मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत झाझरकेरा के माशा भवन जर्जर हो चुका है। प्रशासन द्वारा उक्त भवन को डिस्मेंटल घोषित किया गया है फिर भी भवन के अभाव में एक कमरे में दो कक्षाएं संचालित हो रही हैं। छात्र छात्राओं का जीवन खतरे में नजर आ रहा है। सरपंच विमल कुमार नेताम ने बताया कि जर्जर भवन की जानकारी शासन प्रशासन को दी जा चुकी है। ग्राम पंचायत झाझरकेरा के आश्रित ग्राम भालूचुआ, धनबुड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र भवन भी काफी जर्जर हालत में है। बरसात में छत से पानी टपकता है। दीवारों मे दरार है जिसके कारण भय बना रहता है। सरपंच श्री नेताम ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र भवन की जानकारी शासन-प्रशासन को दी जा चुकी है फिर भी कोई पहल नहीं की गई। सरपंच श्री नेताम ने तत्काल माशा भवन तथा आंगनबाड़ी केंद्र भवन की मरम्मत कराने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

## भागवत बने ग्राम समिति के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



ग्राम पंचायत अटंग में 28 अक्टूबर को ग्रामीण विकास समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष भागवत साहू अमृतपुर, उपाध्यक्ष भागवत साहू इंद्राचौक, सचिव हेदनाथ निर्मलकर, कोषाध्यक्ष इंदूराम साहू, सहसचिव शिवकुमार साहू, कलीराम साहू संरक्षक, संतोष तारक सलाहकार, उमाकांत चंद्राकर सलाहकार बनाए गए। मौके पर इंद्रजीत चेलक सरपंच प्रतिनिधि, कोमल शुक्ला उपसरपंच, कृष्णकुमार चंद्राकर, शंकर चंद्राकर, रुद्रनाथ साहू, रोशन चंद्राकर, फत्तेलाल तारक, मीलूराम साहू, तेजून साहू, श्याम चंद्राकर, गजाधर चंद्राकर, कृपाराम चंद्राकर, शांत चंद्राकर, परसराम साहू, योगेश साहू, रानूराम साहू, सुरेश साहू, जीवन साहू, मोहन तारक, जीवन यादव, कलीराम साहू, नोहर चंद्राकर, नंद साहू, कोटवार, खिलेश यादव, टेकराम साहू, प्रकाश साहू, कुंवरसिंह साहू, राधेश्याम साहू, टेकराम साहू, साधुराम पटेल उपस्थित थे।

### करेली बड़ी के मातर महोत्सव में अखाड़ा दल ने हैरतअंगेज कला का किया प्रदर्शन

# सीने में पत्थर रखकर तोड़ा, सिर में आग जलाकर बनाई चाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





दीपावली उत्सव के भाईदूज के दिन ग्राम करेली बड़ी में जय बजरंग अखाड़ा दल के सदस्यों ने हैरतअंगेज कलाबाजी की प्रस्तुति दी। इस अखाड़ा को देखने ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। गांधी चौक में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच खेमलता साहू, जनपद सदस्य देवेंद्र पाल, अवधराम पाल, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष शेखू साहू, सचिव ग्रामीण विकास समिति यादराम निषाद, हिम्मत साहू, नंदकुमार साहू, पूर्व सरपंच नंदलाल निषाद, चंदू जामरे, श्रीराम साहू, बिहारी साहू, ढालेश साहू, दयालु साहू, कुलेश्वर साहू, गजानंद साहू, ओमप्रकाश अहिरवार, कुंजू सोनकर, प्रभा यादव, झालू साहू, नारायण साहू थे। स्वागत सत्कार के बाद कलाबाजी शुरू हुई। यदुवंशियों ने राउत नाचा दिखाया। सरपंच खेमलता साहू ने दोहा लगाया।

मातर महोत्सव में अखाड़ा दल के सदस्यों ने एक से एक बढ़कर कला प्रदर्शन कर दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने मजबूर कर दिया। आग में चलती रिंग में बीचोंबीच जम्प करना, सीने में पत्थर रखकर तोड़ना, डंडे में जलती आग से नृत्य करना, सिर में आग जलाकर चाय बनाना, सीढ़ी में चढ़कर शरीर को मोड़कर ट्यूबलाइट तोड़ना, तलवारबाजी, डंडाबाजी का मनमोहक खेल दिखाया। मौके पर तामेश्वर सोनकर, दिलीप पाल, होमन सिन्हा, झालूराम साहू, राकेश कुमार, कृपा सोनकर, अर्जुन सोनकर, संतोष सारथी, भारत सोनकर, परमेश्वर सिन्हा, शिवम पाल, भूपेंद्र दास, तुलसी पाल, भागवत यादव, रूपेश यादव, नरेंद्र पाल, गुलशन यादव, डुमेश कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## गोवर्धन पूजा महोत्सव 5 नवम्बर को

**नगरी।** इस वर्ष भी सर्व यादव सिहावा क्षेत्र द्वारा गोवर्धन पूजा महोत्सव 5 नवम्बर को मनाया जायेगा। इस संबंध में सर्व यादव समाज की बैठक राधाकृष्ण यादव भवन में हुई। रामस्वरूप यादव बिरगुड़ी को सभापति मनोनीत कर गोवर्धन पूजा महोत्सव पर चर्चा की गई। युवा प्रकोष्ठ को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान कृष्ण सजावट, कलश सजावट, झांकी और राउत नाचा भी होगा। मौके पर सर्व यादव समाज अध्यक्ष नंद यादव, उपाध्यक्ष संतोष यादव, संरक्षक गोवर्धन यादव, चिंताराम, जयराम यादव, सलाहकार सुनाराम, कोषाध्यक्ष सियाराम यादव, हरीश यादव, चंद्रभान यादव, दाऊलाल, रामाधीन यादव समेत अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। सिहावा क्षेत्र के युवा अध्यक्ष डीके यादव ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

## खम्हरिया स्कूल के बच्चों ने लिया न्योता भोज का मजा



**सांकरा।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला खम्हरिया के बच्चों को पूर्व उपसरपंच पूर्णेंद्र साहू की भतीजी हरिप्रिया के प्रथम जन्म दिवस पर न्योता भोज कार्यक्रम रखा गया। बच्चों को पौष्टिक भोजन खिलाकर सामुदायिक भागीदारी निभाई गई। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक पीके साहू, शिक्षक भारत साहू, श्री मंडावी, श्रीमती कुमारी साहू, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक गोपी प्रधान, शिक्षक तीरथ साहू, श्री कंचन, अनिल कश्यप श्रीमती गीता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## यादव समाज ने किया अधिवक्ता रामकुमार का सम्मान

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में यादव समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा मातर महोत्सव का आयोजन किया था जिसमें गीताराम सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार सिन्हा का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। श्री सिन्हा ने यादव समाज का आभार व्यक्त किया।

## ट्रक हुआ दुर्घटनाग्रस्त ड्राइवर बाल बाल बचा

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग पर भैसाकन्हार से आगे मोड़ के पास एक भारी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक रायपुर से सम्बलपुर ईट लेकर जा रहा था। हादसे में चालक सुरक्षित बच गया, हालांकि वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों की मदद से ड्राइवर को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि सड़क के मोड़ पर नियंत्रण खोने से यह दुर्घटना हुई। समाचार लिखे जाने तक मामला थाने तक नहीं पहुँचा है।

## युवक ने लगाई फांसी हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत कोटलभट्ठी निवासी 34 वर्षीय दशवन नेताम ने 29 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। कोटलभट्ठी निवासी 26 वर्षीय बृजलाल नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने खेत की ओर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## विहिप का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग हुआ

**कांकेर।** विश्व हिन्दू परिषद् का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 28 और 29 अक्टूबर को कांकेर के नए कम्युनिटी हॉल में आयोजित हुआ। उद्घाटन सत्र में विश्व हिंदू परिषद प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय और मुख्य अतिथि अल्फनरायण तिवारी महाराज उपस्थित रहे। इसके अलावा अन्य सत्रों में भी कई प्रमुख वक्ता सोनसाय साहू, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अखिलेश चंद्रोल, यशपाल साहू, भावेश आरदे और अरुण कौशिक शामिल हैं।

## पीएम आवास के लाभार्थियों का सामूहिक गृह प्रवेश 1 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर 1 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत नरहरपुर के लाभार्थियों को सामूहिक गृह-प्रवेश समारोह में प्रतीकात्मक रूप से शामिल होंगे। जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बेनूराम सुकदेव ने बताया कि नरहरपुर विकासखंड में भी इसी दिन 1,408 लाभार्थियों के लिए सामूहिक गृह-प्रवेश समारोह आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर सभी नवनिर्मित घरों को रंगोली और दीपों से सजाया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बनेगा।

## रेलवे स्टेशन में पार्किंग व्यवस्था 1 से शुरू होगी

**भानुप्रतापपुर।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन परिसर में 1 नवम्बर से पार्किंग व्यवस्था शुरू की जा रही है। इस व्यवस्था के तहत स्टेशन आने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए निर्धारित स्थल पर सुव्यवस्थित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे न केवल वाहनों की अव्यवस्था पर रोक लगेगी, बल्कि चोरी और अन्य सुरक्षा संबंधी समस्याओं की संभावना भी समाप्त होगी।

## सरदार पटेल जयंती पर आज रन फॉर यूनिटी

**कांकेर।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री लौह पुरूष स्व सरदार पटेल की 150 वी जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 अक्टूबर को किया जा रहा है । यह दौड़ सुबह साढ़े 7 बजें नरहरदेव स्कूल मैदान से शुरू होकर नया बस स्टैंड स्थित डोम पर खत्म होगी।

विधायक की पहल पर बुनकर सहकारी समितियों के लिए 73 लाख की वित्तीय सहायता स्वीकृत

# बुनकरों को मिलेगा सुरक्षित सुव्यवस्थित और आधुनिक कार्यस्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद विधानसभा क्षेत्र के बुनकरों को सशक्त बनाने की दिशा में विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर क्षेत्र की बुनकर सहकारी समितियों को वर्कशेड, प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरणों के लिए कुल 73 लाख की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है। यह राशि न केवल बुनकरों की आजीविका सुधारेगी, बल्कि सदियों पुरानी हस्तशिल्प और हैंडलूम कला को भी नई पहचान देगी।

मिली जानकारी के अनुसार कुरूद क्षेत्र के गुदगुदा, परखंदा, गाड़ाडीह, भेंडरवानी, भोथली और बकली जैसे गांवों के बुनकरों के लिए यह सहायता एक जीवनरेखा साबित होगी। स्वीकृत राशि में से 52.20 लाख विशेष रूप से बुनकर वर्कशेड सह आवास योजना के लिए आवंटित किए गए हैं। इस पहल से स्थानीय कारीगरों को अपने घरों के पास ही एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक कार्यस्थल मिल पाएगा। बेहतर कार्यसुविधा मिलने से बुनकरों की दक्षता और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। यह सहायता केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि 13.60 लाख की राशि नवीन बुनाई प्रशिक्षण पर और 7.20 लाख की राशि उन्नत सहायक उपकरण खरीदने पर खर्च की जाएगी, जिससे बुनकर नई तकनीकें सीखकर बाज़ार की प्रतिस्पर्धा में खड़े हो सकेंगे।



### गांवों में महिलाओं को भी मिलेगा रोजगार

गौरतलब है कि इन बुनकर समितियों के माध्यम से प्रशिक्षण लेकर अब गांवों की और भी महिलाएं घर पर रहकर रोजगार से जुड़ सकेंगी। महिला स्व-सहायता समूहों को बुनकर समितियों से जोड़ा जा रहा है ताकि वे कपड़ा बुनाई, डिजाइनिंग और सिलाई में अपनी भूमिका निभा सकें। इससे न केवल महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण मिलेगा, बल्कि पूरे परिवार की आय में स्थिरता आएगी। ग्रामीण महिलाएं अब पारंपरिक बुनाई को एक नए स्वरूप में अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

### पारंपरिक कला को मिलेगी नई पहचान

भारत में बुनकरी सिर्फ आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। हथकरघा उद्योग देश की सबसे पुरानी और सम्मानित परंपराओं में से एक है। कुरूद क्षेत्र के बुनकर अब आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षण की मदद से सूती, रेशमी और खादी वस्त्रों के उत्पादन में नई ऊंचाइयां छू सकेंगे। विधायक अजय चंद्राकर का कहना है कि यह पहल सिर्फ आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि कला और परंपरा के संरक्षण की दिशा में एक कदम है। इससे क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे और पलायन की समस्या भी घटेगी।

### आत्मनिर्भर भारत की दिशा कारगार कदम : अजय



विधायक अजय चंद्राकर ने बताया कि इस योजना से न केवल बुनकरों को बेहतर कार्यस्थल मिलेगा, बल्कि उनकी आय में भी वृद्धि होगी। नई तकनीक और प्रशिक्षण से पारंपरिक बुनाई को आधुनिक बाज़ार की मांग के अनुरूप बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने, हैंडलूम और हस्तशिल्प परंपरा को पुनर्जीवित करने तथा स्थानीय कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है।

## रासेयो से देश सेवा की भावना सुदृढ़ होती है : डॉ. पाण्डे



- सेलदीप में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रेणु पाटले के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सेलदीप में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डा. आर के पाण्डेय एवं जेबीएस सदस्य भोजराज चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर शिविरार्थियों को शिविर स्थल के लिए रवाना किया। इस दौरान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एमएस साहू, श्रीमती सरस्वती धृतलहरे, डा. हिटनारायण टंडन, अमित टण्डन, पवन ताम्रकार, कृपाराम साहू सहित जेबीएस सदस्य हेमराज सिन्हा उपस्थित रहे। शिविर का उदघाटन सरपंच भारत भूषण साहू ने किया। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्र. प्राचार्य डा आरके पाण्डे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में समाज के प्रति उत्तरदायित्व और सेवा की भावना विकसित करती है। उन्होंने शिविरार्थियों को अनुशासन और समर्पण के साथ ग्राम विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। सरपंच श्री साहू ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामवासियों में जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण होते हैं तथा युवा शक्ति ही समाज परिवर्तन की आधारशिला है।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सरपंच चुरामण साहू ने शिविरार्थियों को शिविर में सम्मिलित होकर समाज सेवा के कार्य से जुड़ने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। जेबीएस सदस्य भोजराज चंद्राकर ने भी शिविरार्थियों को प्रेरित किया। आभार प्रदर्शन सुश्री रेणु पाटले ने किया।

## पीड़ितों ने कलेक्टर से मांगी फसल कटाई की अनुमति



कोरगांव के आश्रित गांव कनडबरा में फसल कटाई को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत कोरगांव के आश्रित गांव कनडबरा में फसल कटाई को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। गुरुवार को पीड़ित लोगों ने कलेक्टर से शिकायत कर फसल काटने की अनुमति मांगी है। मगरलोड ब्लाक के ग्राम कनडबरा निवासी मनहरण साहू, अन्दीराम, रामकुमार यादव, इब्राहिम खान, श्यामलाल, देवलाल, बहुर, झंवर, शोभितराम, रिहान निशा ने कलेक्टर को आवेदन में कहा है कि वे करीब 25 साल से बंजर जमीन पर कृषि करते आ रहे हैं। सन 1965 में अकाल पड़ा था। सरकार ने खसरा नंबर 645/1 बंजर भूमि पर राहत कार्य चलाकर पार्टीशन किया और घोषणा की थी कि जो लोग खेती किसानी करना चाहते हैं, वे कर सकते हैं। भूमि सुधार कर खेती कर रहे थे, तब किसी ने हस्तक्षेप नहीं किया। अब जमीन सुधार कर कृषि कर रहे हैं तब कुछ लोग धान की पकी फसल को काटने नहीं दे रहे हैं। धान फसल के लिए अपना सारा धन खर्च कर चुके है। जीवनयापन का मात्र यही सहारा है। अगर उनकी फसल को काटकर ले जाएंगे या जानवरों को चरा देंगे तो वे सभी बर्बाद हो जाएंगे। पीड़ितों ने मांग की है कि नीति निर्धारण के तहत उन्हें काबिज काश्त दिया जाए। शासन द्वारा देय शुल्क जमा करने को वे तैयार हैं। उन्होंने कलेक्टर से धान फसल कटाई की अनुमति देने की मांग की है।

## सौर ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ रहा धमतरी

- पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना से 193 हितग्राही हो रहे लाभान्वित, नागरिकों में बढ़ा सोलर ऊर्जा का रुझान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धमतरी नगर पालिक निगम क्षेत्र में सौर ऊर्जा के प्रति नागरिकों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के तहत अब तक 193 हितग्राही अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित कर निःशुल्क बिजली का लाभ उठा रहे हैं। यह पहल न केवल बिजली खर्च में राहत दे रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

निगम क्षेत्र के लगभग 40 वार्डों में सौर ऊर्जा को अपनाने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है। खासतौर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत निर्मित आवासों के हितग्राहियों ने इस दिशा में अग्रसर होकर अपने घरों में सोलर पैनल लगाए हैं। लाभार्थियों का कहना है कि सोलर पैनल लगने से उनकी बिजली बिल में भारी कमी आई है और वे अतिरिक्त ऊर्जा को ग्रिड में भेजकर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। निगम अधिकारियों के अनुसार, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाने पर 45,000 से 1,08,000 तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस प्रोत्साहन से नागरिकों में योजना के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ी है। निगम प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में निगम क्षेत्र के और भी कई घरों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे धमतरी शहर को ग्रीन एनर्जी मॉडल के रूप में विकसित किया जा सकेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ाकर न केवल अपने बिजली खर्च को कम करें, बल्कि स्वच्छ और हरित ऊर्जा के इस अभियान में सहभागी बनें। सौर ऊर्जा अपनाने की इस पहल से धमतरी प्रदेश के अग्रणी शहरों में शामिल हो रहा है, जहां नागरिक जागरूकता और सरकारी योजनाओं के सहयोग से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रहे हैं।

## पदोन्नति के लिए संयुक्त शिक्षक संघ ने डीपीआई और जेडी से की मुलाकात



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित महोबे के नेतृत्व में सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर डीपीआई एवं जेडी रायपुर श्री श्रीवास्तव से मुलाकात की। इस दौरान टी संवर्ग के माध्यमिक शाला प्रधानपाठक पदोन्नति में डीपीआई के निर्देश का पालन करते हुए काउंसलिंग किए जाने की बात संगठन द्वारा रखी गई। डीपीआई से स्पष्ट निर्देश है कि जो जहां पदस्थ है और प्रधानपाठक का पद यदि वहां रिक्त है तो उसकी पदस्थापना वहीं की जाएगी। संघ द्वारा बात रखी जाने पर जेडी रायपुर ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी करते हुए ऐसी समस्त शालाओं एवं शिक्षकों की जानकारी तत्काल मंगाई गई है ताकि समय सीमा में काउंसिलिंग की जा सके। इस प्रकार संघ की मांग पर मुहर लगाते हुए निर्देश जारी कर दिया गया है कि जो जहां पदस्थ हैं और यदि वहां प्रधानपाठक का पद रिक्त है तो उसकी पोस्टिंग वहीं कर दी जाएगी। इ संघ ने पूरी पारदर्शिता के साथ काउंसिलिंग करने की बात जेडी से कही जिसके अन्तर्गत दिव्यांग, महिला शिक्षक को डीपीआई के निर्देशानुसार प्राथमिकता दिए जाने की बात रखी गई, जिस पर जेडी रायपुर ने अपनी हामी भरी तथा पूरी पारदर्शिता से काउंसिलिंग करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में जिला संयोजक लोमश प्रसाद साहू, जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू, मीडिया एवं आईटी सेल प्रभारी दीपक सहारे, नगरी ब्लॉक सचिव खिंजन लाल साहू शामिल रहे।

## कांग्रेसी पार्षदों के प्रदर्शन के बाद शहरवासियों को मिली राहत

- नगर निगम ने शुरू की नियमित जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



लगातार पानी की किल्लत झेल रहे शहरवासियों को आखिरकार राहत मिली। नगर निगम में कांग्रेसी पार्षदों द्वारा खाली मटकी लेकर किए गए प्रदर्शन के बाद निगम प्रशासन हरकत में आ गया। प्रदर्शन के 24 घंटे के भीतर कई वार्डों में सुचारु रूप से जल आपूर्ति बहाल कर दी गई, जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली है।

गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता विशु देवांगन, पार्षद योगेश लाल, सुमन मेश्राम, सूरज गहरवाल, पूर्णिमा गजानंद रजक, उमा भागी ध्रुव और रामेश्वरी कोसरे सहित अन्य कांग्रेसी पार्षदों ने निगम कार्यालय के बाहर खाली मटकी लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था। उनका आरोप था कि नगर निगम हर महीने लाखों रुपये पानी टैक्स और फिल्टर प्लांट पर खर्च कर रहा है, फिर भी शहर में जल संकट लगातार बना हुआ है।

पार्षदों ने चेतावनी दी थी कि यदि तुरंत जल आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो पूरे 40 वार्डों के नागरिकों को साथ लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस चेतावनी के बाद निगम प्रशासन ने तत्काल जल वितरण व्यवस्था की समीक्षा की और संबंधित विभागों को मरम्मत व जल प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए।

शुक्रवार सुबह से ही शहर के कई क्षेत्र टिकरापारा, हटकेश्वर, पुराना बस स्टैंड और सिविल लाइन क्षेत्र में पानी की सप्लाई शुरू हुई। नागरिकों ने बताया कि कई दिनों के बाद टंकी में पानी आया है और निगम की टीम देर रात तक पाइपलाइन सुधार कार्य में जुटी रही।

नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि यह जनता की जीत है। जब आवाज एकजुट होकर उठाई जाती है, तो प्रशासन को सुनना ही पड़ता है। हमारी लड़ाई जनता के अधिकार के लिए है। वहीं कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि अब वे जल व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखेंगे ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

उधर, निगम अधिकारियों ने बताया कि फिल्टर प्लांट में आई तकनीकी खराबी को ठीक कर लिया गया है और मोटर पंप की मरम्मत भी कर दी गई है। आगे से जल आपूर्ति नियमित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## उपमुख्यमंत्री से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने धमतरी क्षेत्र के विकास पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री डॉ. अरुण साव से भेंट की और धमतरी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने उपमुख्यमंत्री डॉ. साव को क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं से अवगत कराया।

मुलाकात के दौरान श्रीमती साहू ने लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि धमतरी क्षेत्र में सड़कों के चौड़ीकरण, पुल-पुलियाओं के निर्माण तथा ग्रामीण संपर्क मार्गों के सुधार की आवश्यकता है। साथ ही नगरीय निकायों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता व्यवस्था के सुधार, पेयजल आपूर्ति और नाली निर्माण जैसे कार्यों को भी प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जुड़े विषयों पर चर्चा के दौरान श्रीमती साहू ने क्षेत्र के युवाओं के लिए खेल अधोसंरचना के विकास, खेल मैदानों के उन्नयन और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने हेतु योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और नगरीय दोनों क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार से अपेक्षित सहयोग मिलना आवश्यक है। उपमुख्यमंत्री डॉ. अरुण साव ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विकास के प्रति संकल्पित है। उन्होंने आश्वासन दिया कि धमतरी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभागीय प्रस्तावों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी, जिससे नागरिकों को विकास का सीधा लाभ प्राप्त हो सके।

### भैंसमुंडी में प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**सिर्री।** दीपावली पर्व पर द माया जीवन फाउंडेशन व गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारी के तत्वावधान में भैंसमुंडी के होनहार छात्र-छात्राओं नेहा साहू, दिव्या साहू, खुशबू साहू, अनन्या साहू, हेमलता साहू, राजा चंद्राकर का सम्मान किया गया।

## समाज और संगठन की संबलता से बढ़ेगी राज्य और देश की ताकत : साय

- मानिकपुरी पनिका समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





रायपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम हॉल में मानिकपुरी पनिका समाज के प्रदेश, संभाग, जिला एवं परिक्षेत्रीय नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय थे। अध्यक्षता प्रदेश निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रकाश मानिकपुरी ने की। विशिष्ट अतिथि माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभू नाथ चक्रवर्ती थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि समाज और संगठन की संबलता से ही राज्य और देश की ताकत बढ़ती है। उन्होंने कबीर साहेब के अनुयायी मानिकपुरी पनिका समाज की एकता को प्रदेश और राष्ट्र की मजबूती का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला-पुरुष, बच्चे और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

मंच पर पंजीकृत युवक-युवतियों ने अपने नाम, माता-पिता, गोत्र, शैक्षणिक योग्यता और व्यवसाय का परिचय दिया। धमतरी जिला अध्यक्ष रोहित दास मानिकपुरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भरत दास मानिकपुरी, सत्य कबड्डी दास देवधर दास महंत, अंजोर दास मानिकपुरी, फूल दास, सुमीत दास मानिकपुरी, मंगलदास मानिकपुरी, खेमादास मानिकपुरी, जीडी मानिकपुरी, तेवदास मानिकपुरी, नारायण दास, कोमल दास मानिकपुरी, यशवंत दास, गंगा बाई मानिकपुरी समेत अन्य शामिल रहे। यह कार्यक्रम समाज की एकता और संगठन की मजबूती का प्रतीक बन गया।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### यदुवंशियों ने शोभायात्रा निकालकर किया गौ पूजन, महिलाओं ने आंवला वृक्ष के नीचे की पूजा

# अंचल में गोपाष्टमी एवं आंवला नवमी पर्व हर्षोल्लास से मना, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

यादव समाज का प्रमुख पर्व गोपाष्टमी इस वर्ष भी पूरे उत्साह, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा, पूजा-अर्चना और सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण, गोपालक और गौवंश की विशेष पूजा करते हुए पूरे दिन धार्मिक माहौल बनाए रखा।




गोपाष्टमी पर्व पर धमतरी शहर के बांसपारा वार्ड में छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज द्वारा शाम को विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बांसपारा वार्ड स्थित कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों रामबाग चौक, गोलबाजार, रायपुर रोड और अन्य मार्गों से होते हुई पुनः आयोजन स्थल पर पहुंची। इस दौरान यादव समाज के युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने जय माधव जय यादव तथा जय गोपाल जय श्रीकृष्ण के नारे लगाते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

शोभायात्रा में सजी-धजी गायें, सुसज्जित रथों में विराजमान भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाएं और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन ने सभी का मन मोह लिया। समाज के युवाओं ने अनेक करतब और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर आयोजन को विशेष बना दिया।

शोभायात्रा के समापन के पश्चात गौपूजन किया गया और खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। यादव समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि गोपाष्टमी पर्व समाज में एकता, सहयोग और गौ-सेवा की भावना को सशक्त करने वाला पर्व है। इस दिन श्रीकृष्ण ने गौ-सेवा का कार्य प्रारंभ किया था, इसलिए यह पर्व यदुवंशियों के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है।

ग्रामीण क्षेत्र में भी श्रद्धालु परिवारों ने गोपाष्टमी पर्व का आयोजन किया। गांवों में युवाओं ने पारंपरिक रूप से गौवंश को सजाकर शोभायात्रा निकाली। भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियों को बैलगाड़ियों और सुसज्जित मंचों पर विराजमान कर पूजा-अर्चना की गई। समाज के बुजुर्गों ने युवाओं को गोपालक परंपरा और गोवंश की महत्ता से अवगत कराया।

इसी क्रम में आंवला नवमी पर्व भी श्रद्धा और आस्था से मनाया गया। महिलाओं और बालिकाओं ने प्रातःकाल स्नान कर व्रत-पूजन की तैयारी की। उन्होंने आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा-अर्चना की और कथा श्रवण किया। व्रत करने वाली महिलाओं ने आंवला के पेड़ के चारों ओर परिक्रमा लगाई और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के पश्चात प्रसाद स्वरूप खिचड़ी और फलाहार ग्रहण किया गया। आंवला नवमी को भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने का दिन माना जाता है। इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा करने से स्वास्थ्य, संतान सुख और समृद्धि प्राप्त होती है।

# तुलसी विवाह कल व कार्तिक पूर्णिमा 5 को

- घर के आंगन में गन्ने का मंडप सजाकर तुलसी और शालिग्राम का विवाह रचायेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सवों की कड़ी में इस वर्ष कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की प्रबोधिनी एकादशी का पर्व 1 नवम्बर शनिवार को मनाया जाएगा। इसी दिन तुलसी विवाह और शालिग्राम पूजा का पवित्र उत्सव बड़े उत्साह और विधि विधान के साथ आयोजित किया जाएगा। वहीं कार्तिक पूर्णिमा का पर्व 5 नवम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा। विप्र परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार शास्त्री ने बताया कि प्रबोधिनी एकादशी का विशेष महत्व धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से अत्यधिक है। पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु ने असुरों का वध करने के लिए छलपूर्वक वृंदा माता का सतीत्व भंग किया, जिससे वृंदा माता क्रोधित होकर विष्णुजी को शालिग्राम रूप में बदलने का शाप दे दिया। जब यह घटना माता लक्ष्मी को ज्ञात हुई, तो उन्होंने वृंदा को तुलसी का रूप देने का आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात भगवान विष्णु ने अपने वास्तविक स्वरूप में आकर वृंदा को मोक्ष प्रदान किया और अगले जन्म में पत्नी के रूप में स्वीकार करने का वरदान दिया। तुलसी को यह भी आशीर्वाद दिया कि वह सदैव हरी-भरी रहेगी और शालिग्राम के रूप में विष्णु सदा उसके साथ रहेंगे।

परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि इस पौराणिक कथानुसार आज भी सनातन धर्मावलंबी अपने घरों के आंगन में स्थित तुलसी चौरा को सजाकर गन्ने का मंडप बनाते हैं और विधिपूर्वक तुलसी एवं शालिग्राम का विवाह करते हैं। इस दिन भक्तजन व्रत रखते हैं और भगवान विष्णु व तुलसी माता की पूजा-अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना करते हैं।

श्री तिवारी ने आगे बताया कि प्रबोधिनी एकादशी से चतुर्मास का समापन माना जाता है और इसी दिन से विवाह एवं अन्य शुभ मंगल कार्यों का शुभारंभ होता है। यह पर्व धार्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना के साथ मनाया जाता है, जो समाज में सनातन परंपरा और आस्था को सजीव रखता है।

# राज्योत्सव पर लगेगी 26 विभागों की विकास प्रदर्शनी

**डॉ.शोभाराम देवांगन स्कूल परिसर में होगा जिलास्तरीय राज्योत्सव का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय स्थित डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एकलव्य खेल परिसर में 2 से 4 नवम्बर तक जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। यह तीन दिवसीय आयोजन जिले की लोकसंस्कृति, लोककला, लोकनृत्य और संगीत परंपरा की सजीव झलक प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम में जिलेभर से विद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं स्थानीय कलाकारों की सहभागिता रहेगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ 2 नवम्बर की संध्या 5 बजे भजन, सूफी और जय गोविंदा जैसी आध्यात्मिक प्रस्तुतियों से होगा, जिसे अनुज रॉक बैंड रायपुर प्रस्तुत करेगा। इसके बाद मांदरी नृत्य, गढ़िया बाबा नर्तक दल की लोक प्रस्तुति, एकलव्य विद्यालय पथर्रीडीह के छात्रों का गीत-नृत्य, पंथी नृत्य, पंडवानी एवं लोकनृत्य की श्रृंखला दर्शकों को पारंपरिक छत्तीसगढ़ी संस्कृति में रंग देगी। पहले दिन का मुख्य आकर्षण शाम 7 से रात 10 बजे तक लोकप्रिय गायक नितिन दुबे का लाइव कार्यक्रम रहेगा।

दूसरे दिन 3 नवम्बर को कार्यक्रमों की शुरुआत स्वच्छता अभियान आधारित नृत्य-नाटिका से होगी। सर गौरी शंकर श्रीवास्तव सेवा समिति, मानसिक दिव्यांग सेवा केंद्र, उन्नायक सेवा समिति, श्री बालाजी प्रशिक्षण केंद्र, ऐजेक्ट फाउंडेशन एवं अन्य संस्थाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति जैसे सामाजिक विषयों पर नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके साथ ही लोक नृत्य, कत्थक नृत्य एवं पंडवानी की आकर्षक प्रस्तुति होगी। रात 8 से 10 बजे तक राहुल बैंड का संगीतमय कार्यक्रम दर्शकों को झूमने पर विवश करेगा।

तीसरे दिन 4 नवम्बर को आमचो बस्तर शीर्षक पर एकलव्य आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह की प्रस्तुति राज्य के गौरवशाली लोक जीवन को प्रदर्शित करेगी। श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय, सेजस हटकेशर, कलेश्वरी साहू एवं आकाश गिरी गोस्वामी द्वारा नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा विषय पर नाट्य प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम का समापन सत्यभाम भारती की सनातनी प्रस्तुति और ब्राइट बैंड रायपुर के सुरमयी कार्यक्रम से होगा। रात्रि 7 से 10 बजे तक प्रसिद्ध साधो बैंड अपनी संगीतमय प्रस्तुति के साथ राज्योत्सव को यादगार समापन प्रदान करेगा। कार्यक्रम में 26 विभागों के विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## अंबुजा फाउंडेशन बनाएगा युवाओं को आत्मनिर्भर, शुरू होगा एसईडीआई प्रशिक्षण केंद्र

**धमतरी।** अंबुजा फाउंडेशन द्वारा संचालित स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एसईडीआई) अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए प्लेसमेंट लिंक्ड स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है। इस संबंध में फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात कर प्रशिक्षण योजना की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम अंतर्गत युवाओं को इलेक्ट्रीशियन, रिटेल सेल्स एसोसिएट, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट एवं ब्यूटीशियन जैसे कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक कोर्स की अवधि तीन माह की होगी तथा प्रत्येक बैच में 20 से 25 प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे। आगामी नवंबर से मोबिलाइज़ेशन प्रारंभ होगा और दिसंबर में सेंटर का उद्घाटन एवं प्रशिक्षण कार्य आरंभ किया जाएगा। मार्च 2026 तक कम से कम 80 युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती कल्पना ध्रुव और सहायक संचालक कौशल विकास डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे।

# पीएम नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने अलसुबह आमंत्रण देने पहुंचे प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ स्थापना के 25वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित रजत जयंती महोत्सव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 नवंबर शनिवार को राजधानी रायपुर पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर राज्य सरकार के साथ मिलकर केंद्र सरकार प्रदेशवासियों को विकास की अनेक सौगातें देने वाली है। आम नागरिकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भाजपा के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने अलसुबह शहर के प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर नागरिकों को आमंत्रित किया।



उन्होंने मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों से भेंट की और सभी को इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने का आग्रह किया। श्री गांधी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में अग्रसर है।

धमतरी के आमातालाब चौक पर 30 वर्षों से लोगों को चाय परोसने वाली शशि साहू को आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा कि यह उत्सव हर नागरिक के गर्व का विषय है। शशि साहू ने प्रधानमंत्री के आगमन को सौभाग्य का क्षण बताया। वहीं दिव्यांग भारत ढीमर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही दिव्यांग कल्याण योजनाएं उनके जीवन में परिवर्तन का प्रतीक हैं। इसके अलावा सेवानिवृत्त निरीक्षक शत्रुघ्न पांडे, शिक्षक गणेश राव पवार सहित अनेक नागरिकों से भेंटकर प्रीतेश गांधी ने रजत महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया। इस दौरान राजेंद्र शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल, पिंटू यादव पार्षद, कुलेश सोनी पार्षद, राजू गुप्ता एवं सत्येंद्र ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।







